हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025



# हाफ योजना बंद, एपीपीएएस शुल्क का भी लगा झटका..दोगुना आ रहा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

अविभाजित जिले के चार लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को इस बार सितंबर के बिल में एपीपीएएस शुल्क का भी बड़ा झटका लगा है। दो माह तक राहत के बाद अब सितंबर के बिल में 7.10 फीसदी एपीपीएएस शुल्क भी लग रहा है। ऐसे में घरेलू उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का डबल झटका लग रहा है।

अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण हर माह शुल्क में आमतौर पर इजाफा हो जाता है। एक तो अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक बिल हॉफ को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर हजार रुपए ज्यादा बिल देना पड़ रहा है। इसी के साथ जुलाई के लिए जो एफपीपीएएस तय किया गया है, उसके कारण भी चार सौ यूनिट की खपत में करीब डेढ़ सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर इस बार 12 सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था।

## इस माह बिल देखकर चौंकिए मत, छूट खत्म एपीपीएएस शुल्क का भी लग रहा झटका

### एफपीपीएएस शुल्क में वृद्धि

मई में फिर शुल्क 7.32 फीसदी लगा। जून के बिल में एफपीपीएएस 0.12 माइनस हो गया। इसके बाद जुलाई में भी एफपीपीएएस शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में रहा। लेकिन अब एक बार फिर से एफपीपीएएस शुल्क 7.10 फीसदी हो गया है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बीते माह जो 1.44 फीसदी माइनस के कारण कम पैसे लगे थे, वो और इस बार का 7.10 फीसदी मिलाकर 8.54 फीसदी शुल्क का झटका लग रहा है।



### अब 400 यूनिट पर हजार रुपए ज्यादा

प्रदेश भर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बीते छह साल से 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल आधा देना पड़ रहा था। इसमें ऊर्जा प्रभार के साथ एफपीपीएएस शुल्क आधा लगता था तो हजार रुपए से एक हजार 50 रुपए तक बिल में कम हो जाता था। लेकिन अब अगस्त से बिजली बिल हॉफ की सीमा को सौ यूनिट कर दिया गया है तो 400 यूनिट की खपत करने वालों को हजार रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। सौ यूनिट से ज्यादा खपत होने पर सौ यूनिट पर भी हॉफ योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस बार उपभोक्ताओं का जो बिल आ रहा है, वह बीते माह से करीब-करीब डबल हो गया है। जिनका बिल पहले छह सौ रुपए आता था, उनका बिल अब 12 सौ रुपए और 12 सौ रुपए वालों का करीब 24 सौ रुपए आ रहा है।

## मृतकों के परिवार से मिले विस अध्यक्ष डॉ. रमन, हर सहायता का दिया आश्वासन

# नवागांव में नई पुलिस चौकी, परिजनों को नौकरी, नशे के खिलाफ चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवागांव घटना के चौथे दिन विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह मृतकों के परिवारों से मिलने उनके निवास पहुंचे। मृतक परिवार से मिलकर ढांढस बंधाने के साथ ही उन्होंने परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके साथ ही नवागांव में जल्द ही पुलिस चौकी खोले जाने, सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के साथ गश्त में इजाफा किए जाने की बात कही। साथ ही मृतक के परिजनों को अनुकंपा और प्लेसमेंट के जरिये नौकरी दी जाएगी। विस अध्यक्ष ने इसके साथ ही यह भी कहा कि शहर सहित जिले में अब नशे के खिलाफ अभियान की जरूरत है। आगे अभियान चलाकर नशीली गोलियों पर कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार को नवागांव इलाके में पुरानी रंजिश के चलते दो अलग अलग मामलों में मारपीट और तलवारबाजी की घटना हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। मामले में चिखली पुलिस चौकी की लापरवाही सामने आई थी। मृतक के परिजन सहित वार्डवासियों में भी पुलिस महकमे के खिलाफ जोरदार नाराजगी देखने को मिली थी। आक्रोशित भीड़ ने चक्काजाम तक किया था। जिसके बाद विस अध्यक्ष के निर्देश बाद एसपी ने चिखली चौकी प्रभारी निरीक्षक अरूण नामदेव सहित एसआई इब्राहिम खान को निलंबित कर दिया। इस मामले में अब तक दो नाबालिग सहित दस आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। मृतक परिजनों के पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश को देखते हुए घटना के चौथे दिन गुरुवार दोपहर मृतक के परिजनों से मिलने विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पहुंचे थे। उनके साथ महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं अधिकारी मौजूद थे।



**राजपूत समाज ने भी सौंपा ज्ञापन** : नवागांव मामले को लेकर राजपूत क्षत्रिय महासभा ने हत्या की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। राजपूत महासभा के पदाधिकारियों ने एसपी को दिए अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि बजरंगपुर नवागांव में एक गंभीर घटना हुई। जिसमें किशन सिंह राजपूत और राकेश ढीमर की निर्मम हत्या कर दी गई। अपराधियों ने खुलेआम कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की है। यदि शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे। कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

### मेयर ने संभाले रखा मोर्चा

नवागांव में सोमवार को घटित हुई इस घटना में पहले दिन से ही महापौर मधुसूदन यादव सक्रिय दिखे। घटना में मौत के बाद वार्डवासियों में आक्रोश को शांत कराने से लेकर पुलिस की लापरवाही पर चिखली चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई में उनकी अहम भूमिका रही। खास बात यह रही कि पिछले चार दिनों से लगातार तीनों मृतक परिवार से मिलकर उनको सहायता दिलाने एवं ढांढस बांधने का काम मेयर ने किया।

### नशीली गोलियों पर कार्रवाई का वक्त

ज्ञात हो कि शहर सहित डोंगरगढ़ एवं अन्य इलाकों में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है। खासकर शहर में शराब की अवैध बिक्री के अलावा गांजा एवं नशीली टेबलेट का व्यापार बेधड़क चल रहा है। ऐसे में विस अध्यक्ष ने भी कहा कि शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ एक्शन का समय आ गया है। रायपुर में कार्रवाई हो रही है, राजनांदगांव में भी कार्रवाई की जाएगी।

### अनुकंपा नौकरी दी जाएगी

मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तत्कालीन मदद के रूप में सरकार की तरफ से विधायक के नाते स्वेच्छा अनुदान से एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही मृतक किशन राजपूत के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति एवं राकेश ढीमर की पत्नी को प्लेसमेंट में नौकरी व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

**कांग्रेस ने बनाई जांच समिति** : इधर नवागांव घटना के बाद अब विपक्षी दल कांग्रेस ने भी अपनी जांच समिति का गठन कर दिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू को समिति का संयोजक बनाया गया है। उनके अलावा पूर्व विधायक अरुण वोरा, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक भोलाराम साहू, विधायक हर्षिता बघेल, पीसीसी महामंत्री शाहिद खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू को रखा गया है।

### समय रहते होनी थी कार्रवाई, पुलिस पर सवाल

विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव का वातावरण शांति व सौहार्द्र का है, घटना काफी दुखद हुई है। एक परिवार को बचाते हुए दूसरे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शुरूआत की कार्रवाई सही नहीं की, जब पहली घटना की सूचना मिली तो उसके बाद 5 घंटे का वक्त था। शुरूआत में ही कठोर कार्रवाई होती तो घटना ऐसे स्वरूप में नहीं होता। थाना प्रभारी का स्पष्ट दोष दिखाई देता है। उन पर कार्रवाई हुई, सस्पेंड किया गया, जो लोग इस पूरे मामले में शामिल हैं, उनके ऊपर भी कार्रवाई को लेकर निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शहर में नशे के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी।

# मालवाहक संचालक को रोक मारपीट कर अवैध वसूली, पुलिसकर्मी सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के बोरतलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मालवाहक को रास्ते में रोककर मारपीट एवं अवैध वसूली की शिकायत सामने आई है। पुलिसकर्मी सहित दो आरोपियों द्वारा की गई इस घटना की जानकारी मिलते ही मामला दर्ज करने के साथ ही पुलिस कर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शैलेष कुमार पिता हसन वर्मा 30 वर्ष निवासी ग्राम पीपरखारकला थाना एवं पोस्ट बोरतलाव 9 सितंबर की शाम 6 बजे अपने पिकअप मालवाहक वाहन में स्वयं के 2 नग मवेशी एवं एक बछड़ा को भरकर जा रहा था। मवेशियों का पालन-पोषण करने में असमर्थ होने के चलते वह उसे बीजेपार के राजा वर्मा पिता दीनदयाल वर्मा के साथ सौदा किया था। जिसकी पंचायत से बिक्रीनामा रसीद भी बनवाई थी। वह अपने मवेशियों को क्रेता राजा वर्मा पिता दीनदयाल वर्मा जाति लोधी ग्राम बीजेपार को सौंपने जा रहा था। इस दौरान मेरेगांव से लगभग 12 किलोमीटर दूर रास्ते में ग्राम कोठीटोला के समीप सैनिक कैम्प के सामने पुलिस वर्दी में हथियारबद्ध पुलिस द्वारा रोका गया। उसके साथ दोनों के द्वारा मारपीट भी की गई है। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस महकमे ने भी एक्शन लेते हुए संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है।

### गाड़ी से उतरते ही मारपीट

प्रार्थी के अनुसार पुलिस वर्दी पहने व्यक्ति द्वारा रोके जाने पर वह रूका और उनसे बातचीत करने के लिए गाड़ी से उतरा। उसके पास उपलब्ध मवेशियों के बिक्रीनामा की पक्की रसीद को उनको दिखने ही वाला था, इससे पहले ही पुलिसवर्दी में मौजूद संजीव कुमार पंकज उससे मारपीट करने लगा। उसके साथ एक और व्यक्ति था, जो बगैर वर्दी था। जिसका नाम दिनेश मंडावी है। इन दोनों के द्वारा पहले उससे मारपीट किया गया, फिर धमकाया कि तुझे तेरे वाहन सहित जिंदा जला देंगे।

### एक लाख रुपए की मांग

प्रार्थी के अनुसार दोनों आरोपी द्वारा उसे एवं उसके वाहन को छोड़ने के बदले एक लाख रुपए की मांग की गई। वहीं कहा गया कि पैसे देने के बाद ही छोड़ा जाएगा। इतना ही नहीं उन्होंने वाहन से ढाई हजार रुपए भी निकाल लिए। वहीं फोन-पे के माध्यम से 25 हजार रुपए देने का दबाव बनाने लगे। प्रार्थी ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से उसके द्वारा पचास हजार रुपए भेजे गए।

## खबर संक्षेप

### बोरी में रखा था शराब 32 पौवा जब्त



**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के बोरी में रखे 32 पौवा शेरा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 11 सितंबर को मुखबीर की सूचना पर ग्राम सुरगी में दिलीप मुर्गा दुकान के पास शराब रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी विक्रमादित्य साहू 40 वर्ष के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में 32 पौवा शेरा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 2560 रुपए मिला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया। आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक शंकरगिरी गोस्वामी, एएसआई हेमंत बोरकर सहित स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

# मां की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां दुर्गा की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र इस वर्ष दस दिनों की होगी। समीप पर्व को देखते हुए जहां मूर्तिकारों ने देवी मां की मूर्तियों को पूर्ण करने जुटे हुए हैं। वहीं घर व मंदिरों में शनैः शनैः तैयारियां शुरू कर दी गई है।

पंचाग के मुताबिक इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना के इस पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है। पर्व के लिए बाजार भी सजनी शुरू हो चुकी है।

**मंदिरों में रंग-रोगन** : इधर मंदिरों में भी नवरात्र पर्व के लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई है। साफ-सफाई एवं रंग-रोगन का कार्य भी कुछ मंदिरों में किया जा रहा है। आगामी सप्ताह में साज-सजावट का कार्य भी शुरू हो जाएगा। इधर बाजार में पूर्व से ही मिट्टी के दीये, ज्योत जंवारा के पात्र सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें सजनी शुरू हो चुकी है। व्यापारियों के अनुसार पितृपक्ष के समापन के साथ ही बाजार में नवरात्र बाजार दमकेगा। इधर दस दिनों के नवरात्र पर्व को लेकर लोगों में उत्सुकता एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल है।



### मूर्तिकार जुटे मूर्तियां बनाने

पितृपक्ष के समापन होते ही नवरात्र पर्व है। जिसके चलते मूर्तिकारों ने देवी मां की मूर्तियों को अब पूर्ण रूप देने जुटे हुए हैं। मूर्तिकारों के अनुसार दो माह पूर्व से ही देवी मां की मूर्तियां बनाने की प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी गई है। अब समीप पर्व को देखते हुए दिन-रात मां की मूर्तियों को पूर्ण करने के लिए जुटे हुए हैं। बताया गया कि मौसम के बदलाव के चलते मूर्तियों को सूखाने में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस वर्ष मूर्तिकारों को पूर्व वर्षों की अपेक्षा मूर्तियां बनाने के लिए बेहतर बुकिंग मिली है। आगामी सप्ताह में मूर्तियों का रंग-रोगन और फिनिशिंग का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

# विरोध प्रदर्शन की संभावना, आधा दर्जन कांग्रेस नेताओं को किया नजरबंद, देर शाम छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के राजनांदगांव आगमन और नवागांव में हुई चाकूबाजी की वारदात को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की संभावनाओं के चलते आधा दर्जन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने जिले की सरहद के समीप नजर बंद कर दिया।

पुलिस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा सचिव निखिल द्विवेदी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री और विशु आजमानी, परमानंद वर्मा, चंद्रशेखर मालेकर, विनायक राठौर, राजा यादव सहित अन्य नेताओं को नजर बंद किया। कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि शासन-प्रशासन छोटे लोगों पर कार्रवाई कर रही है, अगर कार्रवाई करनी है तो एसपी और अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे भाजपा नेताओं पर करें। आज सुबह ही पुलिस बल ने कांग्रेस नेताओं के घरों में दबिश दी, फिर उन पर नजरबंद की कार्रवाई करते देर शाम छोड़ा गया।

## प्रदेश में सबसे गर्म रहा राजनांदगांव, वायरल के मरीज में इजाफा

# तापमान@36 यह सामान्य से 9 डिग्री अधिक आज से सिस्टम होगा एक्टिव, बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले करीब एक सप्ताह से लगे मानसून ब्रेक के चलते अंचल का तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हालत यह है कि गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 36 डिग्री को पार कर गया, यह सामान्य से 9 डिग्री तक अधिक था। वहीं राजनांदगांव का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक भी रहा। दिन और रात के तापमान में लंबा अंतर होने का सीधा असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है।

हालांकि मौसम विभाग ने आज से अंचल सहित प्रदेशभर में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर दक्षिणी पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर पूर्व अरब सागर के ऊपर स्थित केंद्र, भुज, बनस्थली,



आगरा, बाराबंकी, वाराणसी, डालटनगंज, रांची, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उड़ीसा और उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इधर मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते वायरल के मरीज में इजाफा देखने को मिल रहा है। खासकर छोटे बच्चे एवं बुजुर्गों में अधिक संख्या बीमार लोगों की है। इधर मानसून का कोटा भी दो सौ मिमी से अधिक पीछे चल रहा है। ऐसे में यदि आने वाले दिनों में बेहतर बारिश नहीं होती है तो इस बार मानसून का आंकड़ा पिछड़ सकता है। ज्ञात हो कि पिछले कई सालों से मानसून में सामान्य से अधिक बारिश ही देखने को मिली है।

### बारिश से लुढ़केगा तापमान

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल 12 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे रायपुर और संभाग के जिले संभावित हैं।



## खबर संक्षेप

### निर्विरोध चुनाव कराने की अपील

**पटेवा।** परिक्षेत्रीय साहू समाज भैसातरा की बैठक मां कर्मा भवन में आयोजित की गई। बैठक में सभी 11 गांव के अध्यक्ष, सचिव एवं सामाजिकजन शामिल हुए। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ.धरमू साहू ने निर्देशानुसार ग्रामीण साहू संघ के चुनाव निर्विरोध संपन्न कराने की अपील की। परिक्षेत्रीय साहू समाज का चुनाव 21सितंबर को कराने पर सहमति बनी। बैठक में तहसील साहू संघ के सचिव हिरेंद्र साहू, संरक्षक दयाल साहू उपस्थित थे। बैठक में यह बात सामने आई कि 3 गाँव में प्राप्त निर्देश के अनुसार निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन कर लिया गया है। शेष 8गांव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। आगामी 15 सितम्बर तक सभी गाँव में ग्रामीण इकाई का गठन हो जाएगा। संचालन मानिकलाल साहू ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन धरमू साहू ने किया।

### स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर 13 को

**डोंगरगांव।** राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर स्वास्थ्य विभाग ने आगामी 13 सिंतबर को स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन रखा है। सदर लाईन स्थित जैन भवन में आयोजित होने वाले शिविर में मनोरोग विशेषज्ञ डा बीके बेनर्जी, अस्थिरोग विशेषज्ञ डा अनिल महाकालकर, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डा बीएल तुलावी, मेडीसीन विशेषज्ञ खुमानसिंह मंडावी, नेत्ररोग विशेषज्ञ भानुप्रिया चौधरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डां निधि गजभिए अपनी सेवाएं देंगी। शिविर सुबह 10 बजे आरंभ होगा।

### प्रयास विद्यालय की प्रतीक्षा सूची जारी

**मोहला।** प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर समूह के बालक-बालिका के लिए काउंसलिंग 12 सितंबर तथा 13 सितंबर को अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लिए आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू, रायपुर में होगी।

### मोंगरा जलाशय के 96 केज होंगे आबंटित

**मोहला।** मछलीपालन विभाग द्वारा मोंगरा सिंचाई जलाशय में स्थापित 96 केजों को मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 10 वर्षीय लीज पर दिया जाएगा। प्रत्येक केज का जलक्षेत्र 100 क्यूबिक मीटर निर्धारित है। न्यूनतम लीज दर 100 रुपए प्रति क्यूबिक मीटर अनुमानित 10 हजार प्रति केज तय की गई है। लीज राशि में प्रत्येक 2 वर्ष में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

### खंडेलवाल को दोहरी जिम्मेदारी

**मोहला।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेन्द्र खंडेलवाल को सौंपी गई है।



प्रांतीय अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने जारी आदेश में श्री खंडेलवाल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री खंडेलवाल पहले से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य लिपिक संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अब उन्हें स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की कमान मिली है। उनकी नियुक्ति से स्वास्थ्य और लिपिक वर्ग कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। श्री खण्डेलवाल ने कहा है कि वह कर्मचारियों के हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

### प्रत्येक शुक्रवार को निःशुल्क शिविर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा माह सितंबर के प्रत्येक शुक्रवार 12, 19 एवं 26 सितंबर को वार्ड क्रमांक 6 चिखली स्थित आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में गुदगत रोगों (एनोरेक्टल डिजिस) से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है।

---

प्रचार करने गांव-गांव पहुंचेगा सूर्यरथ, करेगा लोगों को जागरूक

# सूरज की किरणों से रोशन होंगे घर सोलर प्लांट के 721 प्रकरण मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार हेतु कलेक्टरेट कार्यालय से सूर्यरथ को अपर कलेक्टर जीआर मरकाम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डीआर ध्रुव, डीईओ फत्तेराम कोसरिया, कार्यपालन अभियंता एके रामटेक, अनिल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सनानंद तारम, मनोज नेताम सहित अन्य उपस्थित थे। सूर्यरथ विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर योजना की जानकारी आम जन तक पहुंचाएगा। योजना के तहत ग्रामीणों को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया, पोर्टल, पंजीकरण, सब्सिडी और वित्तीय सहायता सहित अन्य जानकारी दी जाएगी।



### शत-प्रतिशत स्वीकृति

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अंतर्गत कुल 722 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 721 उपभोक्ताओं को तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। अब तक 15 घरों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं एवं 15 उपभोक्ताओं को सब्सिडी भी जारी कर दी गई है।

### उपभोक्ता को मिलेगी छूट

विभागीय अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत 1 किलोवाट के सोलर प्लांट पर 45 हजार, 2 किलोवाट पर 90 हजार एवं 3 किलोवाट के प्लांट पर 1.08 लाख रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उपभोक्ता केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट कर शेष राशि को 6-7 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों के लिए फाइनेंस करा सकते हैं। 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने से प्रतिमाह लगभग 300 से 350 यूनिट तक सौर बिजली का उत्पादन होगा। जिसका उपयोग उपभोक्ता स्वयं कर सकता है। अतिरिक्त बिजली विद्युत विभाग द्वारा खरीदी जाएगी। जिससे उपभोक्ता के बिजली बिल में समायोजन होगा और उनका बिल शून्य या अत्यंत कम हो जाएगा।

---

# टेंडर के पहले ही मीना बाजार लगाने की तैयारी

## खुलासे के बाद नोटिस जारी

- पिछले साल भी हुआ था बड़ा खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मेला ग्राउंड में नवरात्रि के दौरान लगने वाले मीना बाजार को बिना टेंडर प्रक्रिया के एक विशेष व्यक्ति को देने की खबर वायरल होने के बाद आनन फानन में नगर पालिका अधिकारी ने नोटिस जारी किसा साथ ही ठेकरदार ने मौके से सामान को हटा दिया। इस पूरी कवायद को मामला दबाने का प्रयास बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पूर्व चैत्र नवरात्र में लगभग 25 लाख में होने वाले टेंडर को नजर अंदाज करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ सांठगांठ कर पालिका को लगभग 4 लाख देकर मीना बाजार लेने में सफलता हासिल कर ली थी। चर्चा है कि जनप्रतिनिधियों को मोटी रकम कमीशन के तौर पर मिली थी हालांकि मामला राजनितिक दबाव में रफादफा हो गया था।

वर्तमान में मीना बाजार संचालक ने तालमेल बैठाने की कोषिष की थी किन्तु सीएमओ बदलने और पार्टी में गुटबाजी के चलते विवाद की स्थिति बन गई थी। टेंडर प्रक्रिया के एक दिन पूर्व रखे गए सामान को उठाकर जाना पड़ गया।

### पालिका की खुली पोल

जानकार बताते है कि मीनाबाजार की टेंडर प्रक्रिया एक माह पहले पूरी की जाती तो छग के अलावा अन्य राज्य के मीना बाजार संचालक भी हिस्सा लेते और पालिका को 15 से 20 लाख का मुनाफा होता। इस प्रक्रिया को नवरात्रि शुरू होने के 10 से 15 दिन पूर्व सांठगांठ कर मीनाबाजार संचालक को देने के मामले का खुलासा हो गया है।

### प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता

पालिका के इंजीनियर भुवनलाल कौषिक ने बताया कि टेंडर की विधिवत प्रक्रिया की गई है। एक दैनिक अखबार में टेंडर प्रकाशित किया गया था। प्रक्रिया नगर पालिका अधिनियम का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएगी।

---

# नवमीं की छात्राओं को मिला सरस्वती योजना का लाभ



**करमतरा।** किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा में बुधवार को 35 छात्राओं को सरस्वती योजना के तहत साइकिल बांटी गई। साइकिल मिलने से 9 वीं की छात्राएं प्रफुल्लित नजर आई। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य टुमनलाल साहू थे। अध्यक्षता सरपंच रेखा बघेल ने की। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपी।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना शिक्षा में समानता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सरपंच श्रीमती बघेल ने सभी छात्राओं को तिलक लगाकर उन्हें बधाई दी। प्राचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राएं अब बिना कठिनाई के नियमित विद्यालय आ-जा सकेंगी। इस अवसर पर किसन सिंग सोरी, रामप्रसाद देवांगन, सुरेश कुमार, नंदकुमार पटेल, राकेश साहू, अर्चना साहू, नीलम सिंह, दिव्या वर्मा, मनीष शर्मा, योगेंद्र सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

---

# शिशु मंदिर में विजेता छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लू बंजारी

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा गंडई में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता एवं खैरागढ़ में आयोजित बौद्धिक एवं संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर विद्यालय छुरिया के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता एवं उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया।

विद्यालय में गत दिनों समारोह आयोजित कर बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि व्यवस्थापक दीपचंद जैन थे। अध्यक्षता प्राचार्य बृजमोहन साहू ने की। विशेष अतिथि बेला चन्द्रवंशी थे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता भैया- बहनों को तिलक लगाकर मैडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।



उक्त मौके पर प्राचार्य बृजमोहन साहू ने कहा कि जो बच्चे पढ़ाई में आगे रहते है वह खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में भी आगे रहते हैं।

मुख्य अतिथि दीपचंद जैन, विशेष अतिथि बेला चन्द्रवंशी, प्रधानाचार्य लोकराम साहू सहित आचार्यों, दीदियों ने विजेता एवं उप विजेता भैया- बहनों को बधाई दी। कार्यक्रम में धनेन्द्र साहू, तरूण मंडावी, लोरेस, मिथलेश, हिमांशु कोमलेकर, जयंत रावटे, गुंजन, राजेश्वरी, प्रेरणा चन्द्रवंशी, साक्षी सिन्हा, हिमांशी यादव, दीक्षिका कंवर, चांदनी, पूर्वांशी, घटा साहू, कणिका, युवती, कृति, देवकीर्ति, लोकेश्वरी कुंभकार, पायल, गीतिका, मीनल, पूर्वी यादव, तुषार शेण्डे आदि को सम्मानित किया गया। संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य साहू ने किया। इस अवसर पर देवेन्द्र यादव, अजय वर्मा, गंगा कश्यप, रोशनी जगनायक, मनीषा पटेल आदि मौजूद थे।

---

# वनांचल की तीन सड़कों के लिए राशि मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क परियोजना अंतर्गत सड़क निर्माण को मंजूरी मिली है। सड़क की मंजूरी मिलने से आवागमन की सुविधा बढ़ेगी।

जानकारी के अनुसार प्रधानमँत्री ग्राम सड़क परियोजना के तहत मानपुर से कोंडे 10.40 किमी,गोटाटोला से बीटेझर 11.10 किमी, मोहला से गोटाटोला तक 14.78 किमी निर्माण को वित्तीय मंजूरी दी गई है। स्वीकृति मिलने पर लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह एवं मदन साहू का आभार जताया है।

उक्त सड़कों के निर्माण से दूरस्थ क्षेत्रों को बारहमासी सड़क संपर्क मिलेगा, जिससे आवागमन और परिवहन में सुधार होगा। आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सरकारी सुविधाओं तक पहुँच भी आसान होगी। आभार व्यक्त करने वालों में भोजेश शाह, नरसिंह भंडारी, अनिल गुप्ता, अरुण यादव, राजेश जैन, राजकिशोर खंडेलवाल, ढालसिंह कौशिक, अविनाश त्रिपाठी, राजेश सिंगी, देवनारायण कुंभकार, अम्बर जोशी, मोंटू त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी आदि शामिल हैं।

---

# स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री शनरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर 2025 को जिला प्रशासन एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में गंभीर एवं सामान्य बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वास्थ्य जांच कराने वाले नागरिकों एवं मरीजों के पंजीयन काउंटर और बैठक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच कराने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने चाहिए।



इसके लिए पर्याप्त मात्रा में ओपीडी कक्ष, पंजीयन काउंटर, वालिंटियर, सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में आने वाले विशेषज्ञ डॉक्टर्स के कक्ष, ओपीडी कक्ष, लैब टेस्टिंग और सेम्पल कलेक्शन कक्ष, दवाई वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में पेयजल एवं साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। नागरिकों को शिविर स्थल तक आने के लिए बस स्टैण्ड से निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश परिवहन अधिकारी को दिए। इसके साथ ही शिविर स्थल आने के लिए जगह-जगह सांकेतिक बोर्ड एवं बैनर्स लगाने कहा। जिससे स्वास्थ्य जांच कराने आने वाले नागरिकों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को शासकीय एवं निजी अस्पतालों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे।

---

# जमा राशि के लिए भटक रहे धोखाधड़ी के शिकार ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

एक्सिस बैंक के कर्मचारी द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर कर्मचारी, उसकी पत्नी और फरार आरोपी को पकड लिया है किन्तु इस कार्रवाई में शिकायतकर्ता ग्राहकों को नजर अंदाज कर दिया गया है।

एक्सिस बैंक के अधिकारी हेराफेरी के मामले में शिकार हितग्राहीयों को उनके पैसे लौटाने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं हालांकि यह मामला न्यायलय में लंबित है।

उल्लेखनीय है कि एक्सिस बैंक के उमेश गोरले ने व्यापारी, उद्योगपति, किसान सहित कर्मचारियों के खाते की राशि को अपने एवं परिजनों के नाम से खाते में ट्रांसफर करवा कर लगभग 4 से 5 करोड का गबन किया था। घटना सामने आने के बाद खाता धारकों के होश उड गए थे। वर्तमान में आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। और खाताधारक राशि के लिए बैंक और थाना के चक्कर लगा रहे है। जिन ग्राहको पैसा डुबा है उनका कहना है कि जिन रिश्तेदारों के खाते में आरोपी ने पैसा जमा किया है उनसे बात कर बैंक और पुलिस राशि वापस किया जा सकता है।

---

स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

# पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में रविना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थानीय नवीन महाविद्यालय में 9 एवं 10 सितंबर को प्राचार्य अंजना ठाकुर के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम की रविना बघेल प्रथम, बीएससी तृतीय सेमेस्टर के नोमेन ठाकुर ने द्वितीय, बीएससी तृतीय वर्ष के योगेश निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अन्य प्रतिभागी गुलाब साहू, हेमलता साहू, भारती साहू, दामिनी पटेल, श्वेता ने बच्चे बढ़ेंगे छत्तीसगढ़ बढ़ेगा, धान का कटोरा, डिजिटल छत्तीसगढ़, विषय पर अदभूत पोस्टर बनाया। तत्पश्चात छात्राओं ने रैली निकाली और छत्तीसगढ़ स्वच्छता के प्रति जागरूक करने मुरली साहू, गीतेश, चंद्रप्रकाश, कुलदीप, उपासना, वासनी, शीतल, प्रिया साहू ने नुक्क्ड़ नाटक प्रस्तुत किया।




### राज्य की उपलब्धियों को रखा

इस मौके प्राचार्य द्वारा ने स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की पहल को रखा। इसी कड़ी में भावना निषाद ने धान का कटोरा, पूजा धनकर ने डिजिटल छत्तीसगढ़ एवं नई तकनीक के योगदान विषय पर अपने विचार साझा किया। इस दौरान डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, शुभी जैन, ओमप्रकाश सहारे, हरवंश चौरंगे, योगिता ठाकुर, हिमानी साहू, चंद्रकांत कुंभकार, मोनीश खान उपस्थित थे। संचालन कंचन साहू, डॉ काव्या जैन, डॉ संजू सिंह ने किया।

---

# न्योता भोज का आयोजन



**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मांझीटोला में नेवता भोज का आयोजन कल्प परतेती के जन्म दिवस पर मिलन परतेती ने किया। प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को चावल, सब्जी, पापड़, खीर, पुड़ी, अचार खिलाया गया। इस दौरान प्रधानपाठक परमेश्वर साहू, एसएमसी अध्यक्ष हृदय कोमरे आदि उपस्थित थे। इसी क्रम में विदाई समारोह में रामदास ठौरे, हृदय कोमरे, नरेश साहू, प्रधान पाठक परमेश्वर साहू तथा सहायक शिक्षक अजय उसारे ने भी नेवता भोज का आयोजन रखा। बच्चों को चावल, सब्जी, पापड़, खीर, पुड़ी, अचार, सलाद खिलाया गया। इस दौरान मनसुख बसु, मिलनसिंह परतेती, सुभाष परतेती, शत्रुघ्न कोमरे, शिवकुमार, दामिनबाई, कुमारी बाई आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### तिलईरवार स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अशीम कुमार यदु एवं स्टॉफ व सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गीत, कविता, भाषण आदि प्रस्तुत किया गया। जिसमें वैशाली, देवकी, वेणु, लक्ष्मी, सुमित कुमार, सागर कुमार शामिल रहे। बच्चों द्वारा अपने गुरुजनों के लिए रोचक कार्यक्रम एवं खेलकूद का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अशीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, थंगेश्वर साहू, नोहरदास लिलहारे, पालकराम वर्मा आदि ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता का विशेष सम्मान व बधाई एवं शुभकामनाएं स्टाफ, बच्चों, ग्रामीणजनों, एसएमडीसी के सदस्यों द्वारा दिया गया। इस दौरान जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, अशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर एवं दानेश्वर साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन छात्रा मेनका एवं बबिता द्वारा किया गया।

### बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करें



**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी संयुक्त महामंत्री राम साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार से बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की इस जनहितकारी योजना से प्रदेश के लगभग 60 लाख गरीब और उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे थे। पहले 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट मिलती थी, जिसे घटाकर केवल 100 यूनिट कर दिया गया है। यह निर्णय गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। श्री साहू ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जनता को राहत देने के बजाय प्रदेश सरकार ने योजना को लगभग बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से तत्काल बिजली बिल हाफ योजना को पूर्ववत लागू करने की मांग की है और कहा कि यदि सरकार जनता के हित में निर्णय नहीं लेती, तो जनता उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटेगी।

### कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 5 सितंबर को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस रासेयो के तत्वावधान में मनाया गया। प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि साक्षरता वो हथियार है। जिससे निरक्षरता रूपी अंधकार को मिटाया जा सकता है। निरक्षरता पिछड़ेपन की निशानी है, साक्षरता मानव को सभ्य, ज्ञानवान, ऊर्जावान, विकासशील बनाने के साथ-साथ स्वावलंबन भी प्रदान करता है, साक्षर लोगों का जीवन स्तर अन्य लोगों से भिन्न होता है। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि 05 मई 1988 से राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य है 15 से 35 वर्ष के पुरूष व महिला को साक्षर करना व निरक्षरता का उन्मूलन करना। निरक्षरता के कारण शासन द्वारा बनाई गई योजनाएं ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पाती। डॉ. एएन माखीजा ने वित्तीय साक्षरता पर विचार रखते कहा कि व्यक्ति को आय-व्यय का हिसाब रखते आना चाहिए। पहले बजट बनाएं, बचत करें व खर्च करें। सभी कार्य डिजिटल माध्यम से (मोबाईल) अधिक से अधिक हो, जब सभी डिजिटली साक्षर होंगे, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। इस अवसर पर रासेयो के स्वयंसेवक व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय डोंगरगढ़ में 10 दिवसीय विशेष अभियान तथा बालिका सुरक्षा माह के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। किशोर माहेश्वरी द्वारा बालिकाओं को सायबर सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वीणा साहू एवं अश्वनी निर्मलकर ने घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को महिला सुरक्षा अंतर्गत विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं सखी निकेतन, सखी सदन, दहेज प्रथा, महिलाओं के अधिकार एवं पीड़िता को मिलने वाली मुफ्त विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान किशोरी बालिकाओं के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं बालिका सुरक्षा विषय पर निबंध लेखन स्पर्धा का भी आयोजित किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### शाकाहार रैली का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के स्वस्ति पिरामिड ध्यान केंद्र पेंड्री में विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें साधकों ने पिरामिड की ऊर्जा का लाभ प्राप्त किया। वहीं ध्यान का संचालन ब्रह्मर्षि पितामह पत्री के दिव्य मार्गदर्शन में सीनियर पिरामिड मास्टर सुर्वणा एवं सुधीर के सान्निध्य में संपन्न हुआ। ध्यान सत्र के पश्चात स्वस्ति पिरामिड ध्यान केंद्र के संचालक बागड़े परिवार द्वारा शाकाहार रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में ग्रामवासियों एवं साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शाकाहार के महत्व तथा अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



### आज शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**राजनांदगांव।** स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह कल 12 सितंबर को सुबह 11 बजे से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, समारोह अध्यक्ष राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन बघेल, श्रम कल्याण मंडल छग शासन अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, नगर निगम अध्यक्ष पारस टोपेन्द्र सिंह वर्मा, राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल शामिल होंगे।

## निधन

### गणेशराम साहू



**राजनांदगांव।** मोहड़ वार्ड 49 निवासी 75 वर्षीय गणेशराम पिता स्व.रूहाराम साहू का 10 सितंबर बुधवार रात को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में 11 सितंबर को किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में ईष्ट मित्र व ग्रामीण शामिल हुए। वे उत्तम साहू व शेखर साहू के पिता थे।

---

### नवरात्र पर्व पर दर्शनार्थियों की सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

# पदयात्रियों के लिए सेवा पंडाल
# नवरात्रि मेले में रहेगी तगड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर भुरे ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में दूर-दराज से लाखों की संख्या में दर्शनार्थी श्रद्धा एवं आस्था के साथ पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के लिए क्वांर नवरात्रि मेले में सुविधाजनक एवं चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है, जिसे देखते हुए हम सभी की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने सेवा पंडाल के संचालकों से बात की तथा सेवा पंडालों में चाय, नाश्ता, भोजन, पेयजल एवं अन्य सुविधा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खाद्य एवं सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगढ़ मेला स्थल के आसपास साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पंडालों में पदयात्रियों के लिए दवाई, पट्टी, ओआरएस, ग्लूकोस घोल एवं अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।




#### स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश

कलेक्टर ने डोंगरगढ़ जाने वाले मार्ग में पदयात्रियों को ध्यान में रखते लोक निर्माण विभाग को सड़क मरम्मत करने एवं दुर्घटनाजन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पदयात्री मार्ग में आने वाले विभिन्न ग्राम पंचायतों के माध्यम से सहयोग लेते सेवा पंडालों में व्यवस्था बनाए तथा वहां प्रकाश, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने रेलवे विभाग के अधिकारी को अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने तथा दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### भीड़ देखते मिलेगी रोपवे की टिकट

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मेला स्थल एवं मंदिर में पार्किंग की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने एम्बुलेंस, सेवा पंडाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर भीड़ की स्थिति नहीं बने, इसे ध्यान में रखते रोपवे टिकट का वितरण करें। आवागमन एवं यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

#### 22 सितंबर से क्वांर नवरात्रि

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बताया कि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 22 सितंबर से 1 नवंबर तक आयोजित क्वांर नवरात्रि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

---

## राजपूत समाज में आक्रोश, कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नवागांव में हुई चाकूबाजी की वारदात में दो लोगों की मौत के मामले को लेकर राजपूत क्षत्रिय महासभा ने हत्या की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। राजपूत महासभा के पदाधिकारियों ने एसपी को दिए अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि बजरंगपुर नवागांव में एक गंभीर घटना हुई। जिसमें किशन सिंह राजपूत और राकेश ढीमर की निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना अत्यंत ही दुखद एवं चिंताजनक है। अपराधियों ने खुलेआम कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते निर्दोष व्यक्तियों की हत्या की है। इस घटना से स्थानीय लोगों एवं सामाजिक बंधुओं में भय और असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है। यदि शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे।

#### निष्पक्ष जांच की मांग

राजपूत महासभा द्वारा इस हत्याकांड के मामले में प्रकरण की निष्पक्ष जांच, सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड दिलाने, मृतक के परिजनों को उचित सुरक्षा और मुआवजा प्रदान करने, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु कड़े कदम उठाने की मांग की है।

#### नशे के खिलाफ कार्रवाई की मांग

राजपूत समाज के पदाधिकारी राकेश ठाकुर ने कहा कि आए दिन नशे की हालत में नवयुवक लोगों की हत्या कर रहे हैं। हर तरफ गली-मोहल्ले में चाकूबाजी हो रही है। इन घटनाओं का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ राजपूत समाज तत्काल पाबंदी लगाने की मांग कर रहा है, नहीं तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## रोजगार मेला में नौकरी पाने उमड़े युवा

**राजनांदगांव।** आज-कल की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हर छात्र का सपना होता है कि उसकी पढ़ाई पूरी होने के साथ ही उसे अच्छी नौकरी मिल जाए, उनके इस सपने को पूरा करने दिग्विजय महाविद्यालय अब सिर्फ छात्रों को शिक्षा देने का ही नहीं, बल्कि रोजगार देने के लिए भी काम कर रहा है।



इसी क्रम में दिग्विजय महाविद्यालय ने छात्रों का करियर बनाने एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया। यह मेला न सिर्फ छात्रों के लिए सुनहरा अवसर साबित हुआ, बल्कि यह भी दिखा कि अब दिग्विजय महाविद्यालय में पढ़ाई सिर्फ डिग्री तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह छात्रों को रोजगार दिलाने में भी मदद कर रहा है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में रोजगार मेले का शुभारंभ जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा ने किया। प्राचार्य गुप्ता ने कहा कि यह रोजगार मेला इस महाविद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य और कला संकायों के विद्यार्थियों एवं पूर्व वर्षों में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए इसका आयोजन किया गया है।

#### 2500 ने कराया पंजीयन

रोजगार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. संजय ठिसके ने बताया मेले में कुल 2500 प्रशिक्षुओं ने वर्चुअल माध्यम से पंजीयन कराया गया। जिसमें 1229 बच्चों ने प्लेसमेंट कैंप में आकर विभिन्न कंपनियों में बायोडाटा जमा किया। जिसमें वर्तमान में पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं अन्य महाविद्यालय से आए हुए छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

#### 11 कंपनियों ने लिया हिस्सा

गुरुवार को आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था। मेले में 11 प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनमें प्रदेश के साथ देश की नामी कंपनी, आईबी ग्रुप, रोकड़े ज्वेलर्स नागपुर, मुथूट माइक्रोफिन, मेहता स्टील्स, बजाज, एलियांज, एलआईसी टेक्नो जैसी कंपनियों ने हिस्सा लिया।

## मेमोरी स्किल्स पर कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 6वीं और 12वीं के हॉस्टलर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए मेमोरी स्किल्स पर एक प्रभावशाली त्रि-दिवसीय कार्यशाला का समापन विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी की उपस्थिति में हुआ। कार्यशाला को एक्सपर्ट मेमोरी ट्रेनर मोक्ष जैन नेल्लोर आंध्रप्रदेश द्वारा 5 सितंबर से संचालित किया जा रहा था।

कार्यशाला में विद्यार्थियों के लिए इंटरैक्टिव और ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित हुआ। जिसमें मोक्ष जैन ने विद्यार्थियों को बताया कि मेमोरी स्किल्स को विकसित करने विषय में नियमित फोकस करने तथा लांग टर्म लर्निंग प्रोसेस से गुजरने की आवश्यकता होती है। उन्होंने मेमोरी स्किल्स को विकसित करने सिंपल टेकनिक्स बताई। उन्होंने विद्यार्थियों से विविध प्रेक्टिकल भी कराए। उन्होंने विद्यार्थियों को संख्याओं को याद करने के तरीके बताए। उन्होंने अंग्रेजी के कठिन से कठिन शब्दों को स्टोरी गढ़कर याद करने की टेकनिक्स भी बताई। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टोरी मेकिंग के रूल्स भी बताए।



उन्होंने इम्पासिबल, फनी, कलरफुल, साइज बिग-स्माल, चैन आर्डर, फ्लो, परफेक्ट पिक्चर जैसे शब्दों को स्टोरी मेकिंग के प्रमुख तत्त्वों के रूप में शामिल किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी मेमोरी को प्रभावी रूप से विकसित करने अपनी क्रिएटिव स्किल्स और अपने इंटरेस्ट को बरकरार रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मेमोरी स्किल्स को विकसित करने की जो टेकनिक्स है, उसका रिवजन नियमित व्यावहारिक धरातल पर होना चाहिए। उन्होंने दो प्रकार के वड्र्स का जिक्र किया। पहले प्रकार के पिक्चर वड्र्स को याद करने में ज्यादा कठिनाई नहीं होती और दूसरे प्रकार के अबस्ट्रेक्ट वड्र्स को याद करने में कठिनाई होती है।

## हल्दी एवं पान पौधों का वितरण

**छुईखदान।** रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान के तत्वावधान में 50000 से अधिक हल्दी एवं पान के पौधों का वितरण गत दिनों किया। मुख्य अतिथि प्राध्यापक डॉ पीके जोशी, विशिष्ट अतिथि डॉ. धर्मेंद्र खोखर रायपुर थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा हल्दी एवं पान की खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एके गुप्ता, अधिष्ठाता, रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र छुईखदान द्वारा की गई। डॉ. बीएस असाटी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान ने पौध वितरण के उद्देश्य एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की। संचालन डॉ. दीपिका देवदास, सह प्राध्यापक एवं धन्यवाद ज्ञापन वैज्ञानिक डॉ. खोखर ने किया। क्षेत्र के पान कृषकों एवं महिला समूह को हल्दी एवं पान पौध का वितरण डॉ. खुशबू टंडन, अतिथि वैज्ञानिक, पान अनुसंधान केंद्र, छुईखदान की देखरेख किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ संतोष साहू, सह



प्राध्यापक, डॉ. ओपी सोनवानी, सह प्राध्यापक, डॉ अजीत, अतिथि शिक्षक, डॉ. प्रेरणा जायसवाल, अतिथि शिक्षक, कुमारी प्रियंका साहू, अतिथि शिक्षक के साथ साथ छुईखदान क्षेत्र के 60 किसान उपस्थित थे। इनके अलावा मां बमलेश्वरी महिला स्व सहायता समूह, छुईखदान एवं राधा कृष्णा महिला स्व सहायता समूह कोड़का की महिलाएं भी उपस्थित थी।

## सेवा पखवाड़ा : समाज और लोगों को जोड़ेगी भाजपा

### जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक व सह-संयोजक बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से आगामी सेवा पखवाड़ा का विशेष अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से प्रारंभ होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस (02 अक्टूबर) तक चलेगा।

श्री राजपूत ने कहा कि सेवा पखवाड़े के जरिये हम समाज के बीच जाकर अधिक से अधिक सेवा कार्यों का विस्तार करते विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक प्रयास करेंगे।

मीडिया सेल के अनुसार इसके लिए जिला एवं मंडल स्तर पर संयोजक एवं दो सह-संयोजकों को जवाबदारी दी गई है। सेवा पखवाड़े हेतु जिला संयोजक की महती जवाबदारी जिला महामंत्री सौरभ कोठारी को दी गई है। सह-संयोजक वीरेंद्र साहू, जैन कुमार मेश्राम, गिन्नी चावला एवं रामकुमार गुप्ता




बनाए गए हैं। इसी तरह से राजनांदगांव उत्तर के संयोजक नागेश यदु, सह-संयोजक विनोद भारती एवं नेहा शर्मा को बनाया गया है।

दक्षिण मंडल का संयोजक रवि सिन्हा एवं सह-संयोजक प्रकाश मारकंडे व प्रवीण शुक्ला को बनाया गया है। राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल का संयोजक गोविंद देवांगन एवं सह-संयोजक बुद्धेश्वर साहू व गोपाल साहू को बनाया गया है। राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल का संयोजक हेमदीप साहू एवं सह-संयोजक हेमलाल साहू व कोमल टंडन को बनाया गया है। डोंगरगढ़ शहर मंडल का संयोजक कैलाश सोनवानी एवं सह-संयोजक अलका सहारे व अजय शर्मा को बनाया गया है। डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल का संयोजक मनीष सोनी एवं सह-संयोजक हम कुमार साहू व जितेंद्र गेन्ड्रे को बनाया गया है। घुमका मंडल का संयोजक ललित साहू एवं सह-संयोजक अनिल नागपुर व गोविंदा सेन को बनाया गया है। तिलई मंडल का संयोजक राकेश साहू एवं सह-संयोजक रवि वर्मा व महेश सेन को बनाया गया है।

इसी तरह छुरिया मंडल का संयोजक खिलेंद्र साहू एवं सह-संयोजक भुखान धनकर व आनंद शुक्ला को बनाया गया है। गेंदाटोला मंडल का संयोजक घासी साहू एवं सह-संयोजक एस. कुमार सिन्हा व चित्रागन साहू को बनाया गया है। कुमरदा मंडल का संयोजक भूपेंद्र नायम एवं सह-संयोजक ईश्वर निर्मलकर व चोवा साहू को बनाया गया है। डोंगरगांव मंडल का संयोजक पुरुषोत्तम साहू एवं सह-संयोजक लक्ष्मीनारायण सेन व वीरेंद्र साहू को बनाया गया है। लाल बहादुर नगर मंडल का संयोजक उपकार सिंह बघेल एवं सह-संयोजक रामकुमार ताम्रकार व चंद्रप्रकाश देशमुख को बनाया गया है। तुमडीबोड मंडल का संयोजक टीकम पटेल एवं सह-संयोजक के लिए राम साहू व कमलेश वर्मा को बनाया गया है। मुसरा मुरमुंदा मंडल का संयोजक रामावतार वर्मा एवं सह-संयोजक टिकेश्वर साहू व महावीर साहू को बनाया गया। अर्जुनी मंडल का संयोजक महेश कुमार साहू एवं सह-संयोजक भानु सोनी व मनोज साहू को बनाया गया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सेवा पखवाड़े के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव द्वारा कार्यशाला के माध्यम से इस पखवाड़े का उद्घघाटन किया गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अनुरोध किया है कि इस सेवा पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करें एवं समाज में अपना योगदान दें।

## भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जाएगी अग्रसेन जयंती

- होंगे विविध सामाजिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्री अग्रसेन की 5149वीं जयंती आगामी 22 सितंबर को परंपरागत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसी दिन आदिशक्ति मां दुर्गा की उपासना का पर्व नवरात्र आरंभ होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल व कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले जयंती महोत्सव को लेकर स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आगामी 15 सितंबर को अग्रसेन भवन में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेवी मनोहर लाल बिंदल होंगे। मुख्य समारोह 22 सितंबर को होगा। जिसके मुख्य अतिथि महेश रामरतनदास भारुका समाजसेवी कामठी (महाराष्ट्र) होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल समाजसेविका नागपुर (महाराष्ट्र)



करेंगी। समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती सम्मान तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान मुख्य समारोह में किया जाएगा।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया तथा नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 17 सितंबर को म्युजिकल अंताक्षरी का सुमधुर आयोजन होगा। 18 को श्री अग्रसेन आनंद मेला शिवनाथ वाटिका में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि सुनील रामकरण अग्रवाल एवं शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल होंगे। इसी दिन बाइक रैली भी होगी। 21 सितंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति होगी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जागृति गर्ग तथा संयुक्त जिलाधीश शीतल बंसल अतिथि होंगे। उक्त जानकारी देते मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि जयंती कार्यक्रम को लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है।


कुबोटा
For Earth, For Life
जापान की नं. 1 ट्रैक्टर कंपनी Kubota
55 KA DUM
भारतीय कृषि के लिए जापानी तकनीक
तकनीक जापानी
दिल हिन्दुस्तानी
5 Year Warranty SUPER WARRANTY*
जापान एवं भारत की नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर
गीली एवं नमी युक्त भूमि के लिए
e-CDIS
e-CDIS
ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक
बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट
कम कंपन और कम शोर
SYNCHRO GEAR 12+4 SPEED
सिंक्रोमेश गियर
12 फॉरवर्ड
(1.8 to 30.8 kmph)
4 रिवर्स
(5.1 to 14 kmph)
GST बचत
20,000 से
70,000 तक*
RICE PLANTER
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
*नियम एवं शर्तें लागू
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रेक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. नं. 8643000281, 9753893377, 7067137966

## खबर संक्षेप



### जिले में अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल 14 सितंबर को, पंजीयन शुरू

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ कवर्धा द्वारा अंडर-16 (मेंस) वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल 14 सितंबर रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल चयन प्रक्रिया के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। संघ के सचिव बलबीर खनूजा ने बताया कि ट्रायल में शामिल होने के लिए सभी खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ के माध्यम से पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा। बिना पंजीयन के किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पात्रता की शर्तों के अनुसार खिलाड़ियों की जन्म तिथि 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच होनी चाहिए। आयु प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड, 05 कक्षाओं की मूल अंकसूची और एक पासपोर्ट साइज फोटो पंजीयन के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जारी सूचना के अनुसार ट्रायल स्थल राजनादगांव रोड स्थित एकेडमी केवीसीओसी और सुबह 10 निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी समय पर पंजीयन करवा कर ट्रायल में भाग लेने के लिए तैयार हो सकते है।

### भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने शिक्षक दिवस मनाया

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रदेश सचिव आनंद चंद्रवंशी, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय तथा जिला के प्रभारी आदित्य नारंग और जिलाध्यक्ष शीतेष चंद्रवंशी के नेतृत्व में राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय कबीरधाम में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आनंद चंद्रवंशी द्वारा विचार प्रकट किया, कि 5 सितंबर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद, महान विचारक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे एक महान और आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने जीवनभर शिक्षा और मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया। शिक्षक ही छात्रों को सत्य, ईमानदारी और संस्कारों की राह पर चलना सिखाते हैं। इसलिए हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती के तिग्गा, महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण, छात्राएं और अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मीकी वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थें। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के साथी विक्की लहरे, मुख्य संचालक के रूप में रहे एवं अपने भाषण से और मंच संचालन से पूरा कार्यक्रम का रूपरेखा सवार दिया। साथ ही अजय पात्रे और राकेश निषाद भी शामिल हुए इस समारोह में शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त किया गया।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.**

**// शपथ पत्र//**

मै यशस्वी सिंह पिता श्री धर्मेन्द्र सिंह छावई, जाति छावई, निवास का पता पुलिस अधीक्षक निवास जिला कबीरधाम छ.ग. की निवासी हूँ, जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:-

1 यह कि मेरा नाम एवं उपरोक्तानुसार है।

2 यह कि मेरे द्वारा कक्षा 10 की परीक्षा वर्ष 2017-18 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की परीक्षा श्री भवंश भारती पब्लिक स्कूल हुजूर, भोपाल म.प्र. से नियमित अध्ययनरत होकर उत्तीर्ण की हूँ जिसका रोल नंबर 1208448 है।

3 यह कि मेरे द्वारा कक्षा 12 वी की परीक्षा वर्ष 2020 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल जबलपुर, म.प्र. से नियमित अध्ययनरत होकर उत्तीर्ण की जिसका रोल नंबर 19635399 है।

4 यह कि मेरे कक्षा 10 वी कि अंकसूची में मेरे माता का नाम (Mother's Name) REKHA SINGH दर्ज हुआ है जिसे सुधार कर सही नाम REKHA DHARMENDRA SINGH एवं (Father's Name) DHARMENDRA SINGH एवं पिता का नाम दर्ज हुआ है जिसे सुधार कर सही नाम DHARMENDRA SINGH CHHAWAI दर्ज करना है।

5 यह कि मेरे कक्षा 12 वी की अंकसूची में मेरे माता का नाम (Mother's Name) REKHA SINGH दर्ज हुआ है जिसे सुधार कर सही नाम REKHA DHARMENDRA SINGH एवं पिता का नाम (Father's Name) DHARMENDRA SINGH दर्ज हुआ है जिसे सुधार कर सही नाम DHARMENDRA SINGH CHHAWAI दर्ज करना है जिसे सुधार हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें मेरे द्वारा कोई भी कथन असत्य नहीं कहा गया है।

6 यह कि कक्षा 10 वी एवं कक्षा 12वी में अंकसूची में सुधारकर सही नाम लेख करना माँ REKHA DHARMENDRA SINGH पिता का सही नाम DHARMENDRA SINGH CHHAWAI दर्ज हेतु प्रस्तुत है।

मुहर शपथकर्ता

### जनता के सुगम आवागमन के लिए सड़कों का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : भावना बोहरा

# विधायक के प्रयासों से सड़क निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने और पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता से विधानसभा में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यो की सौगात जनता को मिल रही है। भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा वासियों की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रहीं हैं इसी क्रम में बुधवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तार हेतु 28 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। भावना बोहरा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने बताया कि जनता ने जिस विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार बनाई है उसी प्रतिबद्धता से हमारी सरकार जनकल्याण, सुविधाओं का विस्तार एवं हर गांव एवं शहर के विकास और अधोसंरचना निर्माण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट में शामिल पंडरिया विधानसभा के प्रतापपुर-भगतपुर-निंगापुर मार्ग तक कुल 12.07 किलो मीटर सड़क निर्माण हेतु 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार रुपए, जंगलपुर-कुम्ही मार्ग तक कुल 4.10 किलो मीटर सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 75 हजार 42 हजार रुपए और दशरंगपुर से खंडसरा मार्ग तक 3.00 किमी सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 3 लाख 68 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। 28 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक की राशि सड़क निर्माण हेतु मिली है इसके पूर्व भी पंडरिया विधानसभा को विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो हेतु करोड़ों रूपए की स्वीकृति मिली है जो कार्य प्रगति पर हैं।

#### प्रदेश एवं पंडरिया विस के विकास व आर्थिक प्रगति के नए द्वार खुल रहें



उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ सड़कें नहीं, बल्कि जन-जन के जीवन को सरल और समृद्ध बनाने का संकल्प हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में हमारे ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहें हैं और जनसुविधाओं का चरणबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश एवं पंडरिया विधानसभा के विकास और आर्थिक प्रगति के नए द्वार खुल रहें हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, व्यापारी हित के लिए सार्थक प्रयासों से आज पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में हर व्यक्ति-वर्ग के लिए जनकल्याण की योजनाओं से जीवन स्तर में सकारातमक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। पंडरिया विधानसभा में अब तक विभिन्न विकास कार्यो, अधोसंरचना निर्माण, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु 300 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, और कई कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय पर पूरे किये जा रहें हैं वहीं कई कार्य प्रगति पर है।

#### क्षेत्र के अभूतपूर्व कार्य एवं जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है

भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में अभूतपूर्व कार्य एवं जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, बाकेला हाफ नदी व्यपवर्तन योजना, हरिनाला पुल निर्माण, पंडरिया एवं पांडातराई बाईपास निर्माण से आम जनता एवं किसानों को सुविधा मिलेगी। इनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कुछ कार्य प्रगति पर हैं और मुझे विश्वास है की उन कार्यो को भी तय समय में पूरा कर लिया जाएगा। हाल ही में मुख्यमंत्री ने पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिषर बनाने एवं गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृति भी प्रदान की है। इसके साथ ही गांव-गांव पक्की सड़कें, नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ हुए हैं, प्रमुख चौक-चौराहों का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण, पंडरिया और पांडातराई में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने मिनी स्टेडियम की सौगात पंडरिया विधानसभा की प्रगति, उन्नति एवं समृद्ध पंडरिया की पहचान बन रहे हैं।



## राजस्व पटवारी तहसील संघ स.लोहारा इकाई की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

राजस्व पटवारी तहसील संघ सहसपुर लोहारा इकाई द्वारा अपने विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आज गुरूवार को एक दिवासीय सांकेतिक हड़ताल तहसील परिषर के सामने किया गया। जिसमें तहसील अध्यक्ष सूर्यकांत देवांगन द्वारा बताया गया कि पटवारीयों के विभिन्न मांगों जैसे समयमान-वेतनमान, इंक्रीमेंट, एरियस राशि, चिकित्सा अवकाश का वेतन और निलंबन अवधि का वेतन भुगतान के संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया जा चुका है, किंतु आज पर्यंत तक इन मांगों का उचित निराकरण नहीं होने के कारण आज एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं यदि समय रहते इन प्रमुख मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है तो राजस्व पटवारी संघ तहसील सहसपपुर लोहारा के सभी पटवारी 22 सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने हेतु बाध्य होंगे।

### जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** गतदिनों सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक जिले में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी के सेवा संबंधी लंबित प्रकरण का निराकरण करने समस्त संगठनों व विभाग प्रमुखों का संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित संगठन जैसे छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ राजस्व पटवारी संघ स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ आदिमजाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ कबीरधाम आदि शामिल थें। समस्त संगठनों से प्राप्त कर्मचारी अधिकारी के हितार्थ विषय संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया कि परामर्शदात्री समिति की बैठक में जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की ओर से हितार्थ बिंदु में श्रीमती इंद्रावती मरावी बैगा उपवन क्षेत्रपाल पंडरिया का माह मई जून का लंबित वेतन भुगतान के साथ पदानुरूप प्रभार दिए जाने, जोगेंद्र सिंह कुशरे उपवन क्षेत्रपाल पंडरिया का लंबित वेतन भुगतान, स्व गिरवर सिंह परस्ते प्रधान पाठक प्राथमिक शाला देहानटोला पंडरिया का पेंशन प्रकरण, सहदेव राम लेडिया सहायक शिक्षक कुंडपानी संकुल बोक्करखार बोड़ला का माह मई 2025 का लंबित वेतन भुगतान, पंडरिया विकास खंड के कुछ छुटे हुए शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि जोड़कर भुगतान करने, आदिमजाति कल्याण विभाग में पदोन्नत अधीक्षक सवर्ग को प्रभार देने, आश्रम- छात्रावास में रिक्त अधीक्षक पद पर निकटतम स्थानीय शिक्षकों से किया जाए, समस्त विभाग के शासकीय सेवको का लंबित पासबुक का संधारण हो, राजस्व विभाग में वेतन विसंगति, समयमान वेतनमान, मेडिकल अवकाश, लंबित एरियर्स, परीक्षा अनुमति, पदोन्नति आदि शासकीय कर्मचारी अधिकारी के हितार्थ के बिंदु शामिल रहा। जिला प्रशासन द्वारा बैठक में विभागवार चर्चा कर विभाग प्रमुखों के माध्यम से संगठन द्वारा प्रस्तावित विषयों का निराकरण तय समय सीमा में करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अंजोर सिंह सिंदार, जिला सह सचिव गेंदूराम मरावी सहित संगठन के जिला अध्यक्ष व सचिव उपस्थित थें।

## रजत जयंती में संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रजत जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छतीसगढ़ की धरोहर पर चर्चा-परिचर्चा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि रोहित रजक तथा विशिष्ट अतिथि गणेश सोलंकी उपस्थित थें। विषय-विशेषज्ञ के रूप में इस कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय कुण्डा के केआर चंद्राकर ने छतीसगढ़ के महत्वपूर्ण धरोहर को सहेजे रखने के लिए छात्र-छात्राओं को आह्वान किया। तत्पश्चात प्रतिभावान छात्र छात्राओं ने भी अपना विचार प्रगट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजनकर्ता श्रीमती जिज्ञासा पात्रे ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुश्री पूर्णिमा साहू ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सहसंयोजक केशव प्रसाद जायसवाल, पूर्णिमा साहू, गुलाबा धृतलहरे, दिव्या भारती कुर्रे, श्रीमती जिज्ञासा पात्रे, रामचंद्र कुंभकार, सौरभ धावलकर तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### रजत जयंती समारोह में विविध प्रतियोगिता



**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह 2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पवन सिन्हा ने प्रथम, खुशी गुप्ता ने द्वितीय तथा अंजलि टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह छत्तीसगढ़ की उपलब्धियां विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में एमए हिंदी के छात्र आशीष श्रीवास्तव प्रथम, होलीराम यादव द्वितीय तथा राहुल सोनकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना विषय पर आधारित समूह चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) प्रतियोगिता में होलीराम यादव ने प्रथम, प्रीतांक्षा चंद्रवंशी ने द्वितीय तथा खुशी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन मुकेश कामले, डॉ कविता कन्नौजे, डॉ जय मेहरा एवं भानु प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन व्याख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेड़ल प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ दीप्ति जांगड़ा, डॉ सीमा मांडवी, रितु चंद्राकर, राजकुमार भारद्वाज, खिलेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों को सम्मानित




**हरिभूमि पिपरिया।** महंत श्रीरामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में प्राचार्य एसके श्रीवास के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सत्येंद्र चंद्रवंशी (सहा प्राध्या) ने कहा यह दिन शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने समाज और देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बृजभूषण वर्मा, ने अपने संदेश में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। साथ ही समस्त शिक्षकों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों को डायरी एवं पेन भेंटकर सम्मान किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेवकों की सराहनीय भूमिका रही। उक्त कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, पदाधिकारी सहित विद्यार्थी गण शामिल थें।

## चितेरे फाउंडेशन की एक नई पहल, पोस्ट कार्ड, पेंटिग शो कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार आदिवासी गोंड़ आर्ट कलाकारी को कबीरधाम के पंडरिया कन्या शाला स्कूल में उकेरा जा रहा है, चितेरे फाउंडेशन के डारेक्टर व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलबीर विश्वकर्मा व चितेरे टीम कि ओर से चितेरे फाउंडेशन कि एक नई शुरुआत 6 महीने हुआ हैं। लेकिन सैकड़ो समाज सेवा का काम हो गया है। कभी समर कैंप, स्वच्छ भारत अभियान, दीवाल लेखन व जन-जागरूक अभियान तथा भारत के प्रधानमंत्री गोंड़ आर्ट को बढ़ावा दे रहे हैं। विदेशों के अपने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री दोस्तों को गोंड़ आर्ट भेंटकर और अपने कार्यालय में गोंड़ पेंटिग को रखते है। भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन ने तीन दिवसीय गोंड़ आर्ट प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के इतिहास मे पहली बार 13 से 16 तक जिसमें बहन तान्या मरावी गोंड़ आर्ट सिखायेगे, बहन आशा खन्ना मंडल रचनात्मक चित्रकला सिखायेगे, बहन नम्रता मानिकपुरी खैरागढ़ विश्व विद्यालय से संगीत सिखायेगे, बलबीर विश्वकर्मा राष्ट्रीय पेंटिग आवार्ड पेंटिग कि बारिकियों को सिखायेगे और किस तरह कि पेंटिग बिकते हैं भारत और विदेशों में बतायेगे और स्केचिंग करना सिखायेगे। पंडरिया कन्या शाला में और 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन के शुभ अवसर पर पोस्ट कार्ड पेंटिग शो व आदिवासी लोक नृत्य संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं जिसमे कन्या शाला पंडरिया की शिक्षक बहुत उत्सुक हैं।

## प्रतापपुर से निगापुर सड़क की स्वीकृत राशि जारी विधायक जताया आभार

- ग्रामीणों को आवागमन में मिलेगी राहत तथा सुविधा ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव





पंडरिया विधानसभा वासियों की बहुतप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए सड़कों के विस्तार हेतु 28 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार और विधानसभा की जनता को बधाई दी। यह कार्य सिर्फ सड़कें नहीं, बल्कि जन-जन के जीवन को सरल और समृद्ध बनाने का संकल्प हैं। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों मे आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहें हैं और जनसुविधाओं का चरणबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश एवं पंडरिया विधानसभा के विकास और आर्थिक प्रगति के नए द्वार खुल रहें हैं, जिसमें ग्राम प्रतापपुर, कापा, भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, सेमरकोना, निगापुर मार्ग इतना उपयोगी है कि कबीरधाम जिला एवं मुंगेली जिला को जोड़ता है। इस मार्ग के बनने से आम नागरिकों को फायदा मिलेगा एवं आने जाने वालों आम नागरिक को राहत मिलेगा, इन मार्ग के लिए 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार रुपए की स्वीकृति राशि घोषित हुआ। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह सड़क इतनी जर्जर एवं जगह-जगह गड्ढे हो गए थे, जिसकी लगातार मांग क्षेत्रवासी द्वारा करते रहे है आज इन सड़क के मांग को संज्ञान में लेते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा के द्वारा स्वीकृत राशि घोषणा की है जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल बना हुआ है। स्वीकृत राशि घोषणा करने पर क्षेत्रीय विधायक उत्कृष्ट भावना बोहरा को आभार व्यक्त किया जिसमें ओमप्रकाश यदु, छत्रकिशोर सानू तिवारी, रामाधार शर्मा, विकास पांडेय, अश्वनी यदु, सुरेश दुबे, मनहरण साहू, चंद्रशेखर सिंगरौल, दिनेश चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, डॉ ईश्वर चंद्राकर, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, भागवत साहू, धर्मेंद्र साहू, श्रीमती भानु साहू, सुधाराम साहू, गीताराम साहू सहित भाजपा मंडल कुंडा के कार्यकर्ता द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### कथावाचक को सुनने श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

## गणेश पुरम में श्रीराम व श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा के गणेश पुरम परिषर (वाहन शोरूम के पीछे बिलासपुर रोड) में इन दिनों आध्यात्म और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी हास्य कथावाचक और संगीतमय प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण द्वारा पांच दिवसीय श्रीराम कथा एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 9 से 13 सितंबर तक प्रतिदिन श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेगा। कथावाचक कामता प्रसाद शरण जो अपनी हंसी-मजाक से भरी-शैली और भक्ति-रस से ओत-प्रोत वाणी के लिए प्रसिद्ध हैं, पहली बार कवर्धा जिले में इस तरह का विशाल आयोजन कर रहे हैं। उनके संगीतमय भजन और प्रवचन से वातावरण गूंजायमान हो उठता है।

कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते, ताली-बजाते, नृत्य करते और ईश्वर के जयकारों से परिषर को गूंजा देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो भक्ति की धारा सीधे श्रद्धालुओं के हृदय में प्रवाहित हो रही हो। इस आयोजन में प्रतिदिन गांव-गांव और शहर-शहर से भारी संख्या में भक्तगण पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु कथा श्रवण कर गहन आध्यात्मिक शांति और आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।

इसी अवसर पर श्री बाबा बैजनाथ शिव महापुराण की कथा भी समानांतर रूप से आयोजित है, जिससे पूरा कबीरधाम जिला इन दिनों धार्मिक माहौल में सराबोर है। कथा प्रवाह से श्रद्धालुओं में शक्ति, शांति, दया और प्रेम की भावनाएं जागृत हो रही हैं। कवर्धा के गणेश पुरम में हो रहा यह आयोजन न केवल भक्तों को ईश्वर के सानिध्य का अनुभव करा रहा है, बल्कि जिलेभर में भक्ति, एकता और अखंडता का संदेश भी प्रसारित कर रहा है।

**प्रकरण: वन विकास निगम ने वन परिक्षेत्र पंडरिया में की कार्रवाई**

# वन भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध कटाई करने वाले पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वन भूमि में अतिक्रमण कर पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में वन विकास निगम कवर्धा ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परियोजना मण्डल के मण्डल प्रबंधक पिताम्बर साहू के निर्देशन तथा उप मण्डल प्रबंधक श्रीमती दीपिका सोनवानी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पण्डरिया के लिम्हईपुर बीट क्रमांक पीएफ/436 में अवैध वृक्ष कटाई एवं संरक्षित वन भूमि पर अनाधिकृत अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होते ही त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मेहरा के नेतृत्व में गठित दल में शामिल सहायक परियोजना क्षेत्रपाल श्रीकांत कुमार सिंह एवं देवसिंह भारद्वाज, क्षेत्ररक्षक दिनेश वर्मा एवं जसपाल सिंह मरकाम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विधिसम्मत वन अपराध प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक परियोजना क्षेत्रपाल श्रीकांत कुमार सिंह ने बताया कि 09 सितंबर 2025 को ग्राम करपी के पांच व्यक्तियों बिहारी पिता बसउहर, धनीराम पिता भैसवार, मोहब्बत सिंह पिता मंसाराम, अधिरन पिता अनुज सिंह तथा नैन सिंह पिता जगत सभी जाति गोंड़ के विरुद्ध कुल 1.934 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए जाने के आरोप में कार्रवाई की गई।

आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33(1) क, ख, ग, ज, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 03 तथा संरक्षित वन अधिनियम, 1960 की धारा 3(ए) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां माननीय न्यायालय द्वारा सभी आरोपियों को दिनांक 22 सितंबर 2025 तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश पारित किया गया है।

वन विकास निगम द्वारा वन संरक्षण एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए निरंतर सतर्कता बरती जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### जिले के जंगलों में सघन अभियान चलाकर कार्यवाही की जरूरत

भले ही वन विकास निगम ने वन परिक्षेत्र पंडरिया की वन भूमि में अवैध अतिक्रमण कर अवैध कटाई करने वाले पांच लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की है लेकिन यह कार्यवाही ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। सूत्रों की माने तो जिले के जंगलों में अवैध कटाई और वन भूमि में अतिक्रमण का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। स्थति ये है कि लकड़ी तस्करों द्वारा मैदानी ईलाकों तक में लगे कीमती ईमारती प्रजाति के वृक्षों पर गिद्ध नजर गड़ाए हुए हैं और मौका पाते ही उन्हें पार कर रहे हैं। ऐसे हालातों में वन विभाग और वन विकास निगम को अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है जो अभी तक देखने को नहीं मिल रही है। यही वजह है कि लोग इस तरह की विभागीय कार्यवाही को महज खानापूर्ति कार्यवाही मानरहे हैं।

# शिक्षा गुणवत्ता के प्रयास पर पानी फेर रहे मुड़घुसरी जंगल प्रायमरी के प्रधान पाठक

**प्रधान पाठक निजी व्यवसाय में व्यस्त, पढ़ाई लिखाई ठप**



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम मुड़घुसरी जंगल में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक पर स्थानीय ग्रामीण पालकों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की लिखित शिकायत कलेक्टर से करते हुए प्रधान पाठक को तत्काल स्कूल से हटाए जाने की मांग की है। अपनी शिकायत लेकर जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचे ग्राम सरपंच धनराम सहित ग्रामीण गोपीराम, पतिराम, नारायण, सुनीता, शिववरण, संजू, सुशीला, चैतराम बैगा, झमऊ सिंह बैगा, दुलसराम, फिरतराम, फूलचंद, राजेन्द्र कुमार, अमरू बैगा, समरू बैगा, ज्ञान सिंह, श्याम सिंह, केशर सिंह, बजरहीन राजाराम सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम मुड़घुसरी जंगल में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक स्वामी वर्मा लम्बे समय से पदस्थ है। लेकिन उनके द्वारा अपने कर्तव्यों व दायित्वों के प्रति कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है। स्कूल में अपनी मनमर्जी से आना और चले जाना, स्कूल में बच्चों को अध्यापन कार्य न कराना जैसी गैर जिम्मेदारी उनकी फितरत है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधान पाठक श्री वर्मा अपना पूरा समय अपने निजी कार्यो में दिया जाता है। उनके द्वारा डोजर खरीदा गया है जिसे वे आसपास के गांवों में चलवाने है और भोलेभाले ग्रामीण किसानो की ऋण पुस्तिका लेकर मनमानी वसूली करते हैं। इसके अलावा श्री वर्मा द्वारा जरूरतमंद लोगों को ब्याज पर भी पैसा उधार देते हैं और मनमाना ब्याज वसूलते हैं। वहीं उनके द्वारा झोला छाप डॉक्टरी भी की जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि वे हमेशा अपने इन्ही कार्यो में व्यस्त रहते हैं जिसके चलते गांव का शासकीय स्कूल और बच्चों की पढ़ाई लिखाई भगवान भरोसे चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होने इस संबंध में कई बार प्रधान पाठक श्री वर्मा से चर्चा कर समझाईश भी दी लेकिन उनका साफ कहना है कि वे अपने हिसाब से स्कूल चलाते हैं और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। थकहारकर ग्रामीणों ने अब मामले की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से कर कार्यवाही की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### बालिकाओं को दी गई पॉक्सो की जानकारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 14 अगस्त से 15 सितंबर तक बालिका सुरक्षा माह मनाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम द्वारा बालिका सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बालिका सुरक्षा माह के अंतर्गत विकासखंड कवर्धा के शासकीय हाई स्कूल पनेका में चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक महेश कुमार निर्मलकर ने बताया कि बाल अपराध, बाल अधिकार, बाल संरक्षण, बाल विवाह, बाल श्रम, भ्रूण हत्या आदि के संबंध में जानकारी दी।

## निधन

### गायत्री देवी तिवारी



**स लोहारा।** स. लोहारा में निवासरत सेवा निवृत शिक्षक अर्जुन प्रसाद तिवारी की माता श्रीमती गायत्री देवी तिवारी का ग्राम टाटीकसा में 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। श्रीमती गायत्री देवी तिवारी अर्जुन प्रसाद तिवारी, टिकेंद्र तिवारी की माता तथा सत्यप्रकाश तिवारी एवं सूरज तिवारी की दादी थीं। श्रीमती तिवारी अपने पीछे पुत्र, पौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई हैं, उनके निधन से ग्राम टाटीकसा तथा परिवार जनों में शोक व्याप्त है। श्रीमती गायत्री देवी तिवारी का अंतिम संस्कार परिजनों एवं ग्रामीणों की उपस्थित में टाटीकसा के मुक्तिधाम में किया गया जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

// सार्वजनिक सूचना //

क्रमांक .................. दिनांक 11/09/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शोभाराम साहू आ. बुधराम साहू निवासी ग्राम लिमो तहसील कवर्धा ने ग्राम अमरौद़ी प.ह.नं.-35 तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. स्थित पीला सिंह आ. शंकर सिंह के नाम की भूमि खसरा नम्बर 111/2 रकबा 1.31 खसरा नम्बर 115 रकबा 1.37 एकड एवम प्रतिभा सिंह पति युवराज सिंह के नाम की भूमि खसरा नम्बर 143/6 रकबा 0.25 एकड़ एवम खसरा नम्बर 143/7 रकबा 1.00 एकड़ एवम उक्त भूमि में स्थापित्त गुड़ उद्योग को दिनांक 25/04/2024 को खरीदकर कब्जा प्राप्त कर लिया है किन्तु पंजीयन होना शेष है इस कारण उक्त भूमि एवम गुड़ उद्योग को कोई भी व्यक्ति क्रय ना करे सौदा करनें से पूर्व मेरे कार्यालय में आकर दस्तावेज देख लें।

मुहर

पोखराज सिंह परिहार अधिवक्ता
कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग.

# कारखाना के नियमित अधिकारी-कर्मचारियों ने की टूल डाउन हड़ताल

## संघ ने शासन के समक्ष रखी तीन सूत्रीय मांगें




- कारखाना में 10 से 12 सितम्बर तक कामकाज रहेगा ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में कर्मचारियों की नाराजगी एक बार फिर खुलकर सामने आई है। जिसे लेकर अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सभी नियमित अधिकारी और कर्मचारी संघ ने तीन दिन का टूल डाउन हड़ताल शुरू कर दी है।

10 सितम्बर से 12 सितम्बर तक चलने वाली इस हड़ताल में कम्प्यूटर ऑपरेटर, लिपिक, इंजीनियर, केमिस्ट और तकनीकी टीम सहित सभी विभागों के कर्मचारी शामिल हैं, जिसके चलते कारखाने का पूरा कामकाज ठप हो गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने में हड़ताली कर्मचारियों अधिकारियों का कहना है कि वे ग्रेच्युटी, क्रमोन्नति और महंगाई भत्ता की मांग को लेकर वे पिछले ढाई वर्षों से लगातार प्रबंधन से गुहार लगा रहे हैं बावजूद इसके अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

हड़ताली कर्मचारियों का आरोप है कि लगातार अनदेखी के कारण वे आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं, और इसी मजबूरी में उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। भोरमदेव शक्कर कारखाना के कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बताया साल 2023 के बाद से अब तक उन्हें महंगाई भत्ता नहीं मिला है। 2 बार की पदोन्नति बाकी है जबकि हर दस साल में पदोन्नति किया जाना चाहिए, जो बीस साल होने के बाद भी नहीं दिया गया है।

हर वर्ष दो चार कर्मचारी अधिकारी रिटायर हो रहे हैं लेकिन ग्रेच्युटी भी नहीं दी गई। इन्ही मांगों को लेकर कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

कर्मचारियों अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन में उनकी मांगे पूरी नहीं होती तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि फैक्ट्री में इस समय मेंटनेंस का कार्य चल रहा है कुछ दिनों बाद गन्ने की पेराई चालू हो जाएगी। सत्र शुरू होने से पहले कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो इससे कारखाने के उत्पादन पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि शक्कर कारखाना में गन्ने की कम आवक से कारखाना पहले ही नुकसान में चल रहा है अगर शासन-प्रशासन इन कर्मचारियों की मांग पर गंभीरता से विचार नहीं करता है तो पेराई सीजन में इसका बड़े प्रभाव के साथ नुकसान का आंकड़ा भी बढ़ सकता है।

# जिपं में संचार एवं संकर्म स्थायी समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिला पंचायत कवर्धा की संचार एवं संकर्म स्थायी समिति की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण, जिला पंचायत अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के साथ-साथ प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा संचालित अन्य विकासपरक योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण अंचलों की जीवन रेखा है। सड़कें केवल परिवहन का साधन ही नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आर्थिक विकास की भी आधारशिला हैं। इसलिए इन योजनाओं के अंतर्गत निर्मित सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। डॉ. साहू ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण एजेंसियां स्थल पर कार्य की प्रगति नियमित रूप से दर्ज करें और उसकी जानकारी समिति को उपलब्ध कराएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उनकी तकनीकी जांच समय-समय पर कराई जाएगी। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सुझाव दिया कि जहां भी सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वहां समय पर मेंटेनेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान सभापति डॉ. साहू ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करें और जमीनी स्तर पर जनता से फीडबैक लेकर कार्य की दिशा तय करें। बैठक में समिति सदस्य रामकुमार भट्ट, राजकुमार मरावी, श्रीमती सुमित्रा पटेल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में बच्चों को कराया गया न्योता भोज



**कवर्धा।** प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में गुरूवार को नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी व्याख्याता संजय श्रीवास्तव द्वारा नेवता भोज कराया गया। प्रधान पाठक सीडी भट्ट ने बताया कि व्याख्याता संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा को विगत 4/5 वर्षों से लगातार प्रत्येक महिने नेवता भोज कराया जाता है, साथ ही समय-समय पर बच्चो को कापी, पेन, पेंसिल आदि का वितरण किया जाता है, श्री श्रीवास्तव ग्राम बरबसपुर के मालगुजार परिवार से ताल्लुक रखते हैं। आज के इस पुनीत कार्य में संजय श्रीवास्तव के अलावा सहायक संचालक जीडी पात्रा, टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता रमेश कुमार चंद्रवंशी विद्यालय के प्रधानपाठक सीडी भट्ट प्रमुख रूप से उपस्थित थे। विद्यालय परिवार की ओर से इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण संतोष यादव, टोमन ध्रुवे, गायत्री मोहले, चेतन दास साहू, श्रीमती रजनी वर्मा एवं श्री पोखराज साहू ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। नेवता भोज कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ भोजन ग्रहण कर शिक्षा, स्वच्छता और संस्कार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस आयोजन से बच्चों में आत्मीयता की भावनातमक प्रेरणा और सामूहिकता को बढ़ावा मिला।

### इलेक्ट्रानिक सामान से भरे दुर्घटना ग्रस्त कंटेनर में चोरी




**कवर्धा।** जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग में इलेक्ट्रानिक सामान से भरे एक दुर्घटना ग्रस्त कंटेनर में चोरी का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 30 स्थित जीवमार नाला के पास इलेक्ट्रानिक सामान से भरा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस हादसे के बाद कंटेनर चालक इलेक्ट्रानिक सामान से भरे वाहन को घटना स्थल में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिसका बेजा फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने कंटेनर का दरवाजा तोड़कर उसमें भरे कीमती कई इलेक्ट्रानिक सामानो को पार कर दिया। मार्ग से होकर गुजरने वाले कुछ जागरूक लोगों ने इसकी जानकारी बोड़ला पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस अब वाहन चालक और वाहन मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं कंटेनर में भरे सामान को अपने कब्जे में लेकर उसे सुरक्षित किया गया है। दूसरी तरफ पुलिस अज्ञात चोरों की भी तलाश में जुट गई है।

**गलत चयन को निरस्त कर सही उत्कृष्ट प्राचार्य चयन की मांग**

# प्रस्ताव बाद भी उत्कृष्ट प्राचार्य के चयन पर बवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उत्कृष्ट प्राचार्य के चयन के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए चयन किए जाने से बवाल मचा हुआ है। इस गलत चयन प्रक्रिया से शिक्षक आक्रोशित नजर आ रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय उपमुख्यमंत्री कार्यालय में उपमुख्यमंत्री एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक व संभागीय संयुक्त संचालक दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले में निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्ताव नहीं जमा करने के बाद भी चयनित उत्कृष्ट प्राचार्य का चयन निरस्त कर निर्धारित समयावधि में प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य हेतु करने की मांग किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पांच मई 2025 को जारी पत्र के द्वारा संभाग स्तर पर दिए जाने वाले उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए 30 मई तक प्रस्ताव मंगाया गया था। तत्पश्चात 12 जून को जारी स्मरण पत्र दो में उत्कृष्ट प्राचार्य का प्रस्ताव देने की तिथि तीस जून 2025 तक बढ़ाया गया। निर्धारित तिथि तक केवल एक प्राचार्य का प्रस्ताव जमा किया गया। तिथि समाप्ति के बाद संयुक्त संचालक कार्यालय के निर्देश के विरुद्ध एक और प्राचार्य का प्रस्ताव जमा करा लिया गया। इस प्रकार डीईओ कार्यालय से दो प्राचार्य का प्रस्ताव संयुक्त संचालक दुर्ग में जमा कर दिया गया। विवाद तब पैदा हुआ जब निर्धारित अंतिम तिथि में प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए नहीं हुआ, बल्कि निर्धारित तिथि समाप्ति के बाद प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए कर लिया गया। इस प्रकार गलत तरीके से उत्कृष्ट प्राचार्य चयन किये जाने से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। जो प्राचार्य निर्धारित समय पर प्रस्ताव जमा नहीं कर सका, उसे प्रशासन उत्कृष्ट प्राचार्य कैसे बना सकता है? उत्कृष्ट प्राचार्य का सम्मान समारोह 12 सितंबर को दुर्ग में आयोजित है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री कार्यालय व जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया है, गलत चयन को तत्काल निरस्त कर सही चयन हो सके। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में संघ पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# विधायक भावना बोहरा ने साझा किए कांवड़ यात्रा के अनछुए संस्मरण

- अपने हाथों से बनाया मोटे चावल का भात और चटनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोडान



प्रदेश की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपनी बहुचर्चित और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा के दौरान हुए एक अनोखे अनुभव को साझा किया।

श्रीमती भावना बोहरा ने सावन माह में अमरकंटक से भोरमदेव तक 157 किमी की बहुचर्चित और ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा पैदल चलते हुए की थी। इस यात्रा में उन्हें कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। पत्रकारों के साथ अपनी यात्रा के कुछ संस्मरण सुनाते हुए श्रीमती बोहरा ने बताया कि लोरमी क्षेत्र के ग्राम खुड़िया के पास नदी में बाढ़ और बरसते पानी के चलते रात हो जाने पर उनके काफिले को घने जंगलों के बीच एक वनवासी बस्ती में रुकना पड़ा। वहां उन्हें एक आदिवासी परिवार के छोटे से कच्चे घर में रात बिताने के लिए शरण लेनी पड़ी।

उस रात उन्होंने कुछ महिला सहयात्रियों के साथ झोपड़ी की परछी में जमीन पर चटाई के बिछौने में रात गुजारी। उस रात झोपड़ी में एक मिट्टी का चूल्हा देखकर उनके भीतर की गृहणी जाग उठी थी। उन्होंने आदिवासी परिवार से मोटा चावल और नमक, हल्दी, मिर्च, जैसी चीजें लेकर अपने हाथों से भोजन बनाने का निर्णय लिया। मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी जलाकर उन्होंने चावल पकाया। यात्रा की बेहद थकावट और पैरों में पड़े छालों की उठती टीस के बावजूद अपने हाथों से चूल्हे पर पूरी मशक्कत के साथ भोजन पकाने के लिए मन में जहां काफी उत्साह था वहीं जंगलों में अभावों के बीच जिंदगी बसर करने वाले वनवासियों के जनजीवन को न केवल समझने और साक्षात्कार करने, बल्कि आत्मसात करने का यह अवसर मेरे लिए नए अनुभव की पाठशाला भी थी।

बहरहाल टमाटर की चटनी के साथ खाए गए उस खाने का स्वाद लाजवाब और तन मन को अनुपम तृप्त करने वाला था। आज भी उस झोपड़ी की सुकून वाली नींद और चटनी-भात से मिली संतुष्टि की याद करके उनके मन में उन क्षणों को फिर से पाने की इच्छा जाग उठती है। यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय है और उन्होंने इसे हमेशा अपने दिल के करीब रखा है।